# व्यवसायिक पाठ्यक्रम (UG Vocational) नामांकन संबंधी दिशानिर्देश,

# सत्र: 2026-2029

प्रथम मेधा सूची के आधार पर नामांकन प्रक्रिया संबंधी महत्वपूर्ण निर्देश

### चरण-1 : सीट आवंटन स्वीकार करना (Student Login)

**1.** Samarth Admission Portal पर अपनी पंजीकृत User ID एवं Password से लॉगिन करें।

**2.** Seat Allocation में अपना आवंटित महाविद्यालय देखें।

**3.** यदि आवंटित सीट स्वीकार है, तो "Accept Allocation" पर क्लिक करें।

**4.** सीट स्वीकार करने के पश्चात Allotment/Admission Offer Letter स्वतः उपलब्ध होगा। इसका प्रिंट निकालकर सुरक्षित रखें।

**5.** इसके बाद निर्धारित तिथि के भीतर आवंटित महाविद्यालय में सभी आवश्यक मूल दस्तावेजों एवं उनकी स्वप्रमाणित छायाप्रतियों के साथ उपस्थित होकर दस्तावेज सत्यापन कराना अनिवार्य होगा।

### चरण-2 : महाविद्यालय द्वारा दस्तावेज सत्यापन (College Admin Login)

महाविद्यालय द्वारा-

- अभ्यर्थी के सभी अपलोड किए गए दस्तावेजों का मूल प्रमाण-पत्रों से मिलान किया जाएगा।
- Allotment Letter का सत्यापन किया जाएगा।
- सभी अभिलेख सही पाए जाने पर दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया पोर्टल पर पूर्ण (Save) की जाएगी।

### चरण-3 : महाविद्यालय द्वारा नामांकन स्वीकृति (College Admin Login)

दस्तावेज सत्यापन सफल होने के बाद महाविद्यालय-

- अभ्यर्थी का नामांकन स्वीकृत (Accept Admission) करेगा।
- शुल्क (Fee) निर्धारित कर Fee Lock करेगा।
- तत्पश्चात ऑनलाइन शुल्क भुगतान का विकल्प (Fee Payment Option) अभ्यर्थी के पोर्टल पर उपलब्ध हो जाएगा।

### चरण-4 : शुल्क भुगतान एवं नामांकन पूर्ण करना (Student Login)

**1.** अभ्यर्थी पुनः Samarth Portal पर लॉगिन करें।

**2.** पोर्टल पर प्रदर्शित शुल्क निर्धारित ऑनलाइन माध्यमों से जमा करें।

**3.** शुल्क भुगतान/Submit की प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात Acknowledgement Letter स्वतः जनरेट हो जाएगा। जो संबंधित महाविद्यालय के login पर भी उपलब्ध हो जायेगा।

**4.** इसके साथ ही अभ्यर्थी का नामांकन अंतिम रूप से पूर्ण (Admission Locked) माना जाएगा।

## आवश्यक दस्तावेज

- आवेदन प्रपत्र (Application Form)
- Allotment/Admission Offer Letter
- मैट्रिक अंकपत्र एवं प्रमाणपत्र
- इंटरमीडिएट अंकपत्र (Original/DigiLocker)
- SLC/CLC (Original) (यदि लागू हो)
- Migration Certificate (यदि लागू हो)
- जाति प्रमाणपत्र (यदि लागू हो)
- आधार कार्ड
- APAAR ID / ABC ID
- 04 पासपोर्ट आकार के नवीनतम रंगीन फोटो
- उपरोक्त सभी दस्तावेजों की एक स्वप्रमाणित (Self-attested) छायाप्रति

## महत्वपूर्ण सूचना

- सभी अभ्यर्थी निर्धारित तिथि के भीतर ही दस्तावेज सत्यापन एवं शुल्क भुगतान की प्रक्रिया पूर्ण करें। विलंब होने पर सीट स्वतः निरस्त की जा सकती है।
- विश्वविद्यालय एवं संबंधित महाविद्यालय द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों का पालन करना सभी अभ्यर्थियों के लिए अनिवार्य होगा।